भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 378
दिनांक 06 दिसम्बर,2023 / 15 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

लद्दाख ग्रीन हाउस

378# श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख एक ऐसा क्षेत्र है जहां बहुत कड़ाके की सर्दियां होती हैं और फसलों का मौसम लगभग पाँच महीनों का होता है;

(ख) क्या इस अवधि के दौरान सब्जियां और फल बाहर से मंगवाए जाते हैं; और

(ग) क्या संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख ने इस समस्या से निपटने के लिए कोई नई तकनीक शुरु की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क): लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र एक अत्यधिक सर्दियों वाला क्षेत्र है और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में फसल का मौसम पांच महीने अर्थात मई से सितंबर तक सीमित है।

(ख): सीमित फसलीय मौसम के दौरान सब्जियों और फलों का स्थानीय उत्पादन लगभग 17,000 मीट्रीक टन होता है। लद्दाख क्षेत्र के लोगों की आश्यकता को पूरा करने के लिए, औसतन लगभग 35,000 मीट्रिक टन सब्जियां और फल बाहर से लाए जाते हैं।

(ग) और (घ): लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र ने पूरे वर्ष नियंत्रित परिस्थितियों में सीमित मात्राओं में सब्जियों की खेती करने के लिए "लद्दाख ग्रीन हाउस" नामक एक नई प्रौद्योगिकी की शुरुआत की है। लद्दाख एक ठंडा क्षेत्र है, इसलिए सर्दियों के मौसम में फसलें/सब्जियां उगाना चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि तापमान अक्सर -20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है। तथापि, इस नई प्रौद्योगिकी की शुरुआत से, इस क्षेत्र के किसान अधिकतम सर्दी के मौसम के दौरान भी सब्जियां उगा सकते हैं जब तापमान -30 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है। आज की स्थिति के अनुसार, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र ने रुपये 43.78 करोड़ की लागत से ऐसे ग्रीन हाउसों की 1,875 इकाइयों का निर्माण किया है जहां किसान कठोर सर्दियों के महीनों के दौरान भी फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर और विभिन्न प्रकार की हरी पत्तेदार सब्जियां उगा सकते हैं। इससे बाहर से सब्जियां लाने की जरुरत काफी कम हो गई है।

******